वर्ष- 02 अंक- 46
छपरा
21 दिसंबर, शनिवार 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## भागवत बोले- हर दिन मंदिर-मस्जिद विवाद उठाया जा रहा:ये सही नहीं

**पुणे,एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठने पर चिंता जताई। भागवत ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि वे ऐसे मुद्दे उठाकर हिंदुओं के नेता बन जाएंगे। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। भागवत बोले- भारत को यह दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं। हम लंबे समय से सद्भावना के साथ रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना देना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। भागवत ने किसी का नाम लिए बिना कहा- ये स्वीकार नहीं पुणे में सहजीवन व्याख्यानमाला में भारत विश्वगुरु पर व्याख्यान देते हुए भागवत ने ये बातें कहीं। उन्होंने किसी विशेष स्थान का नाम लिए बिना कहा, हर दिन एक नया मामला (विवाद) उठाया जा रहा है। इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है? हाल के दिनों में मंदिरों का पता लगाने के लिए मस्जिदों के सर्वेक्षण की कई मांगें अदालतों में पहुंची हैं।



हालांकि, भागवत ने अपने व्याख्यान में किसी का नाम नहीं लिया। भागवत बोले- राम मंदिर इसलिए बना, क्योंकि वो आस्था से जुड़ा था भारतीय समाज की बहुलता पर प्रकाश डालते हुए भागवत ने कहा कि रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाया जाता है। केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं, क्योंकि हम हिंदू हैं। उन्होंने कहा, हम लंबे समय से सद्भावना के साथ रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना देना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। राम मंदिर का निर्माण इसलिए किया गया क्योंकि यह सभी हिंदुओं की आस्था का मामला था। मोहन भागवत का समर्थन करते हुए श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने भी कहा, मंदिर और मस्जिद का झगड़ा सांप्रदायिक झगड़ा है। और जैसे-जैसे ऐसे झगड़े बढ़ रहे हैं, कुछ लोग नेता बन रहे हैं। अगर नेता बनना ही एकमात्र लक्ष्य है, तो ऐसे झगड़े ठीक नहीं हैं। जो लोग सिर्फ नेता बनने के लिए झगड़े शुरू करते हैं, वे ठीक नहीं हैं।

### मेरठ में पं. प्रदीप मिश्रा की कथा में मच गई भगदड़

**कई महिलाएं-बुजुर्ग चोटिल, एक लाख लोग पहुंचे थे**

**मेरठ ,एजेंसी।** मेरठ में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में शुक्रवार दोपहर भगदड़ मच गई। कई महिलाएं और बुजुर्ग गिरकर चोटिल हो गए। दोपहर 1 बजे से कथा शुरू हो चुकी थी। करीब 1 लाख लोग पहुंचे थे। कथा शुरू होने पर लोग जल्दबाजी में अंदर जा रहे थे।

### सुप्रीम कोर्ट बोला-डल्लेवाल की हालत रोज बिगड़ रही

**पंजाब सरकार उन्हें अस्थाई अस्पताल में शिफ्ट क्यों नहीं कराती, ये उन्हीं की जिम्मेदारी**

**पटियाला,एजेंसी।** हरियाणा-पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर 25 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार (20 दिसंबर) को लगातार तीसरे दिन सुनवाई हुई। पंजाब सरकार के अटॉर्नी जनरल (AG) गुरमिंदर सिंह ने डल्लेवाल के स्वास्थ्य से जुड़ी अपडेट रिपोर्ट सौंपी।

इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डल्लेवाल को मोर्चे के पास बनाए अस्थायी अस्पताल में शिफ्ट किया जाए। इस पर सरकारी वकील का कहना है कि किसान नेता के सारे टेस्ट किए गए हैं। उनका स्वास्थ्य अभी स्थिर है। सरकार से निर्देश लेकर और किसानों की अनुमति से उन्हें शिफ्ट किया जाएगा।

### पार्सल में घर भेजी लाश, कहा-लोन के 1.35 करोड़ चुकाओ नहीं तो यही अंजाम होगा

**येंडागंडी,एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में एक परिवार को पार्सल में शव भेजने का हैरतअंगेज मामला सामने आया है। शव भेजने वालों ने एक पत्र भी भेजा जिसमें कहा गया है कि परिवार के मुखिया ने सालों पहले कर्ज लिया था जो अब ब्याज समेत 1.35 करोड़ रुपये होता है। अगर नहीं चुकाया तो घर वालों का यही अंजाम होगा। शव किसी अज्ञात का है और पुलिस के अनुसार उसकी उम्र 45 वर्ष के आसपास है।

**जिला पुलिस अधीक्षक ने दी जानकारी :**जिला पुलिस अधीक्षक अदनान नईम आसमी ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात इस परिवार के निर्माणाधीन घर पर यह पार्सल भेजा गया। शव एक बक्से में था, जिसे ऑटो से इस घर तक पहुंचाया गया। पत्र में सागी तुलसी नाम की महिला से 1.35 करोड़ रुपये की मांग करते हुए लिखा गया है, आपके पति ने 2008 में 3 लाख रुपये का लोन लिया था, जो ब्याज समेत अब बढ़कर 1.35 करोड़ रुपये हो गया है। परिवार का भला चाहती हो तो पूरी रकम चुकानी होगी। तुलसी के पति करीब 10 साल पहले लापता हो गए थे, जिसके बाद से वह घर नहीं लौटे हैं।

### योगी बोले-मंदिर तोड़ने वाले औरंगजेब के वारिस चला रहे हैं रिक्शा

**अयोध्या,एजेंसी।** सीएम योगी ने अयोध्या में शुक्रवार को कहा- मंदिर तोड़ने वाले औरंगजेब के वारिस आज कोलकाता में रिक्शा चला रहे हैं। उनकी दुर्गति हो गई। ऐसे आततायियों का कुल और वंश ही नष्ट हो गए। वो कभी फले-फूले नहीं। सीएम ने कहा- बांग्लादेश में क्या हो रहा। पाकिस्तान-अफगानिस्तान में क्या हुआ? विश्वनाथ मंदिर, रामजन्मभूमि, कृष्ण जन्मभूमि और संभल में कल्कि अवतार की भूमि को नष्ट किया गया। वो कौन लोग थे,जिन्होंने सनातन धर्म से जुड़े प्रतीक चिह्नों को नष्ट करने का काम किया।

**संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित**

## किरेन रिजिजू ने विपक्ष से किया बजट सत्र में गड़बड़ी न करने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष की ओर से किए गए व्यवधानों के कारण संसद की उत्पादकता में कमी आई है। सरकार ने संसद को चलाने के लिए बहुत प्रयास किया। वे विपक्ष से अपेक्षा और अनुरोध करते हैं कि वह बजट सत्र में इस तरह की गड़बड़ी पैदा न करें।

संसदीय कार्यमंत्री ने आज दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद संसद में हुए कामकाज का ब्यौरा मीडिया के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि इस सत्र में लोकसभा में 4 और राज्यसभा में 3 विधेयक पारित किए गए।

इस दौरान रिजिजू ने संसद में कल हुई धक्का मुक्की घटना की निंदा की । उन्होंने कहा कि आज लोकसभा अध्यक्ष ने संसद में अनुशासन बनाए रखने को लेकर एक नोटिस जारी किया है।



उन्होंने बताया कि संसद के इस सत्र में 26 दिनों में लोकसभा की 20 और राज्यसभा की 19 बैठकें हुईं। लोकसभा और राज्यसभा में क्रमशः 4 और 3 विधेयक पारित किये गये।

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आज लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच एक देश-एक चुनाव से जुड़ा 129वां संविधान संशोधन विधेयक संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दी गई।

लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11:00 बजे शुरू होते ही विपक्ष ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मुद्दे पर शोर-शराबा शुरू कर दिया। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच केंद्रीय कानूनमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान संशोधन विधेयक को संसद की संयुक्त कार्य समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा। हंगामे के बीच प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर सदन की अनुमति प्रदान की गई। जेपीसी में 39 सदस्य हैं, जिनमें से 27 सदस्य लोकसभा और 12 राज्यसभा से हैं।

**लोकसभा :शीतकालीन सत्र एक नजर**

अठारहवीं लोक सभा के तीसरे सत्र के अंतिम दिन आज लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई। 25 नवंबर से शुरू हुए सत्र में 20 बैठकें हुईं और 62 घंटे कामकाज हुआ। लोक सभा की 20 बैठकें हुईं जो लगभग 62 घंटे तक चलीं। अठारहवीं लोक सभा के तीसरे सत्र के दौरान उत्पादकता 57.87 प्रतिशत रही। भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा 13 दिसंबर को शुरू हुई और 14 दिसंबर को समाप्त हुई। सत्र के दौरान पांच सरकारी विधेयक पेश किए गए और चार विधेयक पारित किए गए।

## भाजपा सांसद ने प्रियंका गांधी को 1984 लिखा बैग दिया

**सिख दंगों की याद दिलाई; प्रियंका फिलिस्तीन, बांग्लादेश लिखा बैग संसद ला चुकीं**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भाजपा ने शुक्रवार को संसद में सांसद प्रियंका गांधी को 1984 लिखा बैग गिफ्ट किया। बैग पर 1984 को खून से रंगा दिखा गया। ऐसा माना जा रहा है कि इसके जरिए 1984 के सिख दंगों की याद दिलाई गई। दरअसल, पिछले दिनों संसद में प्रियंका की बैग पॉलिटिक्स चर्चा रही। वे कभी मोदी-अडाणी भाई-भाई, बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों (हिंदुओं) के समर्थन से जुड़े बैग लिए नजर आईं तो कहीं फिलिस्तीन लिखा बैग लेकर भी पहुंचीं। प्रियंका को ओडिशा की सांसद अपराजिता ने बैग सौंपा ओडिशा के भुवनेश्वर से सांसद अपराजिता सारंगी ने प्रियंका को 1984 लिखा बैग दिया। अपराजिता संसद परिसर प्रियंका का इंतजार करती दिखीं। जैसे ही आने की जानकारी मिली, वे पीछा करते हुए प्रियंका के पास पहुंचीं और बैग सौंप दिया। प्रियंका ने बैग लेकर रख लिया और आगे बढ़ गईं।





## जयपुर में ट्रक की टक्कर से एलपीजी टैंकर में धमाका, 11 लोग जिंदा जले

- **35 से अधिक लोग 50 फीसदी से ज्यादा झुलसे- टैंकर में भरी थी करीब 32 टन गैस, भारी तबाही**

**जयपुर, (हि.स.)।** भांकरोटा थाना इलाके में जयपुर-अजमेर हाइवे स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने शुक्रवार सुबह करीब पौने छह बजे एलपीजी टैंकर में हुए धमाके से 11 लोगों की जिंदा जल कर मौत हो गई। हादसे में 53 से अधिक लोगों को गंभीर हालत में एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा इतना भयानक था कि उसने करीब चालीस से अधिक वाहनों को चपेट में ले लिया, इसमें एक स्लीपर बस भी शामिल है, जो टैंकर के पीछे चल रही थी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दर्जनों गाड़ियां घटनास्थल और उसके आसपास पास के इलाके में आग बुझाती रही। जानकारी के अनुसार एलपीजी टैंकर में हुआ ब्लास्ट इतना भयंकर था कि आग की लपटें करीब दो सौ फीट ऊपर उठी। टैंकर में भरी करीब 32 टन गैस में जोरदार धमाका हुआ जिसके कारण टैंकर उछल कर घटनास्थल के आसपास के वाहनों पर गिरा, जिससे वे वाहन भी जलकर राख हो गए।



**टैंकर में लगे पांच नोजल टूटकर गिरे और लिक्विड रूप में एलपीजी निकल कर पूरे इलाके में फैली**

गेल इंडिया लिमिटेड के डीजीएम (फायर एंड सेफ्टी) सुशांत कुमार सिंह ने बताया कि टक्कर के कारण टैंकर में लगे पांच नोजल टूट कर गिर गए और लिक्विड रूप में एलपीजी निकल कर पूरे इलाके में फैल गई। टक्कर लगते ही स्पार्क हुआ, इससे गैस ने आग पकड़ ली और पूरे इलाके में धमाका हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि चालीस से ज्यादा गाड़ियां आग की चपेट में आ गईं। इन गाड़ियों में बैठे लोगों को बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिला। टैंकर के पीछे चल रही एक स्लीपर बस और हाईवे किनारे मौजूद पाइप फैक्ट्री भी जल गई। धमाके के बाद गैस फैलने से रेस्क्यू में काफी परेशानी आई। उन्होंने बताया कि स्लीपर बस में बाहर निकलने का एक ही दरवाजा था, एक्सीडेंट की वजह से उसका दरवाजा एक ट्रक से चिपक गया। इस कारण उसमें सवार 34 लोगों को बाहर निकलने की जगह नहीं मिली, बड़ी मुश्किल से ड्राइवर वाले गेट से लोगों को बाहर निकाला गया। इस बस में सवार 19 से ज्यादा लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

## पहले काटी बिजली,अब घर पर चला बुलडोजर

**संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ प्रशासन का ताबड़तोड़ ऐक्शन**

**संभल ,एजेंसी।** संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ जिला प्रशासन का एक्शन लगातार जारी है। गुरुवार को बिजली काटने के बाद शुक्रवार को उनके घर पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई। प्रशासन और नगरपालिका की टीम ने सांसद के घर के बाहर नालियों पर अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। नाली के ऊपर बनी सीढ़ियों को तोड़ दिया गया। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बर्क पर कथित बिजली चोरी का मामला दर्ज कर उन पर 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है और उनके पिता के खिलाफ गुरुवार को संभल में छापेमारी के दौरान निगम कर्मचारियों को कथित तौर पर धमकाने का मामला दर्ज किया है। यूपीपीएसएल के असिस्टेंट इंजीनियर विनोद कुमार गुप्ता ने कहा, 'यह जुर्माना तब लगाया गया जब यह पता चला कि उनके घर पर 4 किलोवाट कैपेसिटी वाले मीटर के मुकाबले 16 किलोवाट से ज्यादा यूनिट का इस्तेमाल किया जा रहा था। हमने मौजूदा मीटर की जगह एक स्मार्ट मीटर लगाया है जिससे बिजली चोरी का पता चला। पिछले छह महीनों से मौजूदा मीटर में जीरो यूनिट रीडिंग दिखाई दे रही थी।' 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के पास हुई हिंसा से पहले ही बर्क पर भीड़ को उकसाने का आरोप है। इलाहाबाद हाई कोर्ट में सांसद ने अपनी संभावित गिरफ्तारी पर रोक लगाने के लिए एक आवेदन दायर किया है और इस याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होने के आसार हैं। बर्क के पिता मामलुक उर रहमान बर्क के खिलाफ भी बीएनएस की कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। यूपीपीसीएल के जूनियर इंजीनियर बीके गंगल ने कहा, 'जब हम यह देखने की कोशिश कर रहे थे कि उनके घर पर बिजली चोरी कैसे हो रही है, तो सांसद के पिता ने हमें रोकने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा, 'अगर सपा सरकार सत्ता में आई तो तुम लोग बर्बाद हो जाओगे। तुम्हारी हरकतें सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो रही हैं। राज्य में सरकार बदलने पर तुममें से हर एक को अंजाम भुगतने होंगे। मामलुक उर रहमान बर्क ने आरोप लगाया कि छापेमारी के दौरान पुलिस और यूपीपीसीएल के कर्मचारी बुरा बर्ताव कर रहे थे।

## भोपाल के जंगल में कार में 52किलो सोना मिला

**11 करोड़ कैश बरामद, जिस आरटीओ के पूर्व आरक्षक पर छापा पड़ा, उसके दोस्त की निकली कार**

**भोपाल, एजेंसी।** आयकर विभाग को भोपाल के मेंडोरी के जंगल में गुरुवार देर रात एक कार से 52 किलो सोना मिला। इसके अलावा, 11 करोड़ रुपए कैश भी बरामद हुए हैं। कार एक मकान के बाहर लावारिस हालत मिली। सोने की कीमत करीब 40 करोड़ 47 लाख रुपए आंकी गई है। अभी ये स्पष्ट नहीं है कि ये सोना और कैश किसका है। आयकर विभाग (IT) को यह बड़ी कामयाबी मध्यप्रदेश में रियल एस्टेट कारोबारियों पर रेड के बीच मिली है। आयकर विभाग ने दो दिन में भोपाल और इंदौर में 51 ठिकानों पर छापेमारी की है। अब यह पता लगाया जा रहा है कि सोना और कैश का कनेक्शन बिल्डर्स और RTO के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के यहां चल रही कार्रवाई से तो नहीं है। जिस कार से सोना और कैश मिला है वह चेतन गौर नाम के व्यक्ति की बताई जा रही है। इनोवा कार पूरी तरह से लॉक थी। ऐसे में आयकर अफसरों की टीम ने साथ पहुंचे गनमैन की गन के बट से कार का शीशा तोड़ना पड़ा। बैग बाहर निकालकर खोला तो गोल्ड और कैश देखकर सभी हैरान रह गए। फिर इनकी गिनती कर कब्जे में लिया गया।



**आयकर के साथ पुलिस को भी मिली थी खुफिया जानकारी**

आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक, एक खुफिया जानकारी मिली थी कि जंगल में एक कार में कैश है, जिसे कहीं ले जाया जा रहा है। इसके बाद टीम गुरुवार की रात करीब दो बजे मेंडोरी पहुंची। जंगल में इनोवा कार के पास पहले से करीब 100 पुलिसकर्मी और 30 गाड़ियां थीं। संभवतः पुलिस को भी इसके बारे में सूचना मिली होगी। आयकर की टीम ने कार की सर्चिंग की तो नकदी के साथ सोना भी मिला।

## आत्महत्या मामले में यह साबित करना जरूरी कि आरोपी ने ही उकसाया; सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले यह साबित करना बहुत जरूरी है कि आरोपी ने ही प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उकसाया है।जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धारा 306 को कायम रखने के लिए यह साबित होना आवश्यक है कि आरोपी ने किसी प्रत्यक्ष या परोक्ष कृत्य से आत्महत्या में योगदान दिया है। अदालत ने यह टिप्पणी उस समय की जब उसने एक व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्यों को उसकी 25 वर्षीय पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में बरी कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि आत्महत्या के लिए उकसाने की घटना मृतक के आत्महत्या करने के करीब ही होनी चाहिए। अदालत ने कहा कि उकसावे से आत्महत्या के लिए उकसाने की स्पष्ट मंशा का पता चलना चाहिए। अभियुक्त व्यक्ति की ओर से इस तरह की मंशा रिकॉर्ड से स्पष्ट रूप से दिखाए बिना, उपरोक्त धारा के तहत आरोप कायम नहीं रखा जा सकता है। शीर्ष अदालत ने तीन व्यक्तियों (पति, उसके पिता और भाई) की दायर अपील पर अपना फैसला सुनाया, जिसमें बॉम्बे हाईकोर्ट के अक्तूबर 2022 के फैसले को चुनौती दी गई थी। इसमें मामले से उन्हें बरी करने से इन्कार करने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ उनकी डिस्चार्ज याचिका को खारिज कर दिया गया था। धारा 306 के अलावा, उन पर आईपीसी की धारा 34 (सामान्य इरादा) के तहत आरोप लगाए गए थे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि 25 वर्षीय महिला की जान जाना दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। चूंकि यह साबित नहीं हो पाया कि महिला को इस तरह उकसाया गया कि उसके पास आत्महत्या करने के अलावा कोई विकल्प ही नहीं बचा इसलिए अपीलकर्ताओं के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही जारी रखने से कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। अदालत ने पूछा कि क्या हम इस तरह की अपील को स्वीकार करने के लिए इच्छुक हैं।

**मृतका के भाई और मां के बयान अलग-अलग पाए गए :**बता दें कि 20 मार्च, 2015 को अहमदनगर के एक पुलिस थाने में दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट दर्ज की गई थी, जब महिला के भाई ने बताया था कि उसकी बहन ने अपने माता-पिता के घर पर आत्महत्या कर ली थी, जहां वह पिछले दो वर्षों से रह रही थी। वहीं, 25 मार्च, 2015 को महिला की मां ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी की शादी नवंबर, 2009 में हुई थी, लेकिन उसे उसके ससुराल में मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। शिकायत के बाद पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया था।

# विकासनात्मक कार्यो को लेकर सोनपुर नगर पंचायत सभागार में बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर नगर पंचायत के सभागार मे सभी वार्ड पार्षदों के बीच विकासनात्मक कार्य को लेकर बैठक की गई. इस बैठक मे नगर अध्यक्ष अजय साह के अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक का संचालन कार्यपालक पदाधिकारी रजीत कुमार ने किया ।इस बैठक में उप मुख्य पार्षद अंजली कुमारी सहित सभी वार्ड पार्षद उपस्थित रहे. जिसमे में आगामी वर्ष मे होने वाले कार्यों के लेकर चर्चा हुई । बैठक के दौरान नगर पंचायत मे 2025 को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को शामिल किया गया जिस पर प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद कार्य आरभ किया जाएगा। उक्त बात की जानकारी देते हुए नगर अध्यक्ष अजय शाह ने शुक्रवार को बताया कि बैठक में महत्वपूर्ण ऐजेडा के रूप में- प्रधानमंत्री आवास योजना (2.0) के योजना का लाभ जनता को पहुंचाना, नमामी गंगे घाट के पास मरम्मती का कार्य एवं शौचालय का निर्माण तथा अन्य शौचालयों का मरम्मती एवं कुछ को डिलक्स शौचालय में परिवर्तित करने पर सहमति दी गई, नगर क्षेत्र में सीसिटीवी कैमरा का अधिष्ठापन कराने की योजना पर सहमति प्रदान की गई। सभी 21 वार्डो से उनके वार्ड में आवश्यक सड़क, नली-गली योजना को लाभ पहुंचाया गया और अन्य योजनाओं को आगामी वर्ष 2025 में क्रियान्वयण करने की स्वीकृति दी गयी । बैठक मे नगर कर्मी भी उपस्थित रहे।




# खेल महोत्सव : नैनी रॉयल ने दहियावां टाइगर को 56 रनों से हराकर फाइनल में पहुंची

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण खेल महोत्सव के बैनर तले सारण प्लेयर्स लीग के चौथे दिन सारण फाउंडेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र सेंगर के देखरेख में नैनी रॉयल बनाम दहियावां टाइगर के बीच मैच हुआ। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि सेल्स हेड नॉर्थ इंडिया गोल्डी मसाला के रामजी अग्रवाल, सी ए अमित कुमार, सतीश अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया अपने संबोधन में रामजी अग्रवाल ने बताया कि सारण फाउंडेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र सेंगर के द्वारा सारण में युवाओं के लिए एक अच्छी शुरुआत की गई है जो आने वाले समय में निश्चित रूप से युवाओं में खेल का प्रति जान डालने की शुरुआत की गई हैं । नैनी रॉयल के कप्तान प्रशांत कुमार सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। नैनी रॉयल ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 126 रन बनाएं जिसमें अनूप कुमार 52 रन प्रशांत कुमार सिंह 33 रन गजाल मोहम्मद 17 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए दहियावां टाइगर्स के तरफ से राज तिवारी 2 अमन 2 सचिन 1 ने विकेट लिए जवाब में खेलने उतरी दहियावां टाइगर्स 19.1 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 70 रन पर ढेर हो गई ।जिसमें अर्पित सिंह 14 परवेज अख्तर 9 अमन 9 अबरार 7 रन बनाए गेंदबाजी करते हुए नैनी रॉयल के तरफ से अनूप 2 आरिफ 2आनन्द 2 गजाल प्रशांत अमित प्रवीण ने एक एक विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का खिताब अनुप कुमार को मिला।क्रिकेट प्लेयर्स लीग के फाइनल का महा मुकाबला दहियावां लायंस बनाम नैनी रॉयल के बीच समय 10बजे से होगा।इस अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष बिहार क्रिकेट संघ के विभूति नारायण शर्मा बिहार क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार सिंह सुनील कुमार सिंह राजन प्रसाद यादव रवि राय संयुक्त सचिव चंदन शर्मा बिहार भारोत्तोलन संघ के महासचिव सुरेश प्रसाद सिंह मनिंदर कुमार सिंह सुशील सिंह सारण जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष इंदु कुमारी उर्फ अनु सिंह पंकज कश्यप किशोर कुणाल सुजीत कुमार आदि उपस्थित थे। इस मैच में स्कोरर के रूप में कैसर अनवर उर्फ डब्लू जी बीसीए से आए अंपायर तैयब हुसैन और सचिन कुमार ने मैच में अंपायर की भूमिका निभाई।

# ''हर घर जन सुराज अभियान'' के तहत एकमा प्रखंड जन सुराज कार्यवाहक समिति की बैठक आयोजित

## प्रखंड जन सुराज कार्यवाहक समिति की बैठक में बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती पर दिया गया बल

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड में ''हर घर जन सुराज अभियान'' के तहत एकमा प्रखंड जन सुराज कार्यवाहक समिति की बैठक शुक्रवार को प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में जन सुराज के जिलाध्यक्ष बच्चा राय के द्वारा कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा को विस्तार पूर्वक बताते हुए आगामी तीन माह में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए कहा गया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को अपने घर पर जन सुराज का झंडा व प्रशांत किशोर जी का स्टीकर लगाने की बात कही।

बैठक में जन सुराज के एकमा विधानसभा क्षेत्र के नेता व प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बच्चा सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी मार्च माह तक बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान प्रखंड कार्यालय में जन सुराज के पदाधिकारियों को नियमित बैठ कर आम जनता से मिलने व उनकी समस्याएं सुन कर निराकरण कराने पर सहमति बनी। वहीं प्रखंड क्षेत्र में वाल स्टिकर लगाने के लिए जगहों को चिन्हित करने को कहा गया।

बैठक में जन सुराज के जिलाध्यक्ष बच्चा राय, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि व जन सुराजी नेता बच्चा सिंह, प्रखंड अध्यक्ष व पूर्व मुखिया ओम प्रकाश सिंह, रामनाथ मांझी, राजेश कुमार पांडेय, बबन गिरि, सरपंच राजेश कुमार, पूर्व मुखिया परमेश्वर प्रसाद, रामजी सिंह, विनोद कुमार शर्मा, मोहम्मद मुर्तजा, फिरोज मियां, रूस्तम आलम, विवेक पटेल, नवल किशोर श्रीवास्तव, प्रभुनाथ यादव, धर्मेंद्र यादव, बृजमोहन साह, लक्ष्मीकांत प्रसाद, अमितेश कुमार साह सहित अन्य जन सुराज कार्यकर्ता शामिल थे।

## मशरक उच्च विद्यालय के संस्कृत शिक्षक बीपीएससी टीआरआई 03 में चयनित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** नगर पंचायत मशरक मुख्यालय अवस्थित राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,मशरक के संस्कृत विषय के माध्यमिक शिक्षक विजय कृष्ण त्रिपाठी का चयन बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित टीआरई-03 में हुआ है।बिहार लोक सेवा द्वारा आयोजित टीआरई-03 के अन्तर्गत विद्यालय अध्यापक (माध्यमिक) पद हेतु इनके चयनित होने पर विद्यालय के शिक्षक प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार, संजय कुमार सिंह, डॉ.मनोज कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, रामप्रवेश पंडित, महेश कुमार पोद्दार एवं प्रभात चन्द्र भूषण आदि शिक्षकों ने इन्हें बधाई एवं शुभकामना दी है वहीं दूसरी ओर संस्कृत शिक्षक विजय कृष्ण त्रिपाठी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता,गुरु जनों, शिक्षकों एवं अपनी पत्नी को दिया है, जिन्होंने इस सफलता हेतु उन्हें प्रेरित किया। श्री त्रिपाठी इस विद्यालय में संस्कृत विषय में नियोजित जिला परिषद् माध्यमिक शिक्षक के रुप में फरवरी, 2014 से अद्यतन कार्यरत हैं। इन्होंने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति,पटना द्वारा आयोजित सक्षमता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय भी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण कर ली है।

## खेत की पटवनी के दौरान चाकूबाजी में युवक जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के दुरगौली गांव में खेत में पानी देने के दौरान चाकूबाजी में एक युवक को गंभीर हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान दुरगौली गांव निवासी सुदर्शन राय का 35 वर्षीय पुत्र तारकेश्वर राय के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायल के परिजनों ने बताया कि खेत में पम्प से पानी दिया जा रहा था कि उसी दौरान पड़ोसी के द्वारा चाकू मार गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। थाना पुलिस को सूचना दी गई पुलिस जांच में जुटी है।




# परसा बाजार में विभिन्न दुकान एवं प्रतिष्ठानों में बाल श्रमिक के विमुक्ति हेतु सघन छापेमारी

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिला पदाधिकारी, सारण के निर्देशानुसार श्रम संसाधन विभाग अंतर्गत गठित धावादल के माध्यम से परसा बाजार में विभिन्न दुकान एवं प्रतिष्ठानों में बाल श्रमिक के विमुक्ति हेतु सघन छापेमारी की गई। जिसमें कुल तीन दुकान यथा विंध्यवासिनी स्वीट्स, मां दुर्गा स्वीट्स एवं चार्ट कॉर्नर , तथा मां अंबे चार्ट एवं केक कॉर्नर से एक-एक बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया। विमुक्ति के पश्चात इन बाल श्रमिकों को जिला में बाल श्रमिक पुनर्वास केंद्र छपरा में सुपुर्द कर दिया गया। तत्पश्चात उक्त नियोजकों के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध अधिनियम 1986 के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है। मौके पर संबंधित प्रखंड के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अशोक कुमार, दरियापुर प्रखंड के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, राजेश कुमार, मकेर के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, प्रितपाल सिंह एवं गरखा प्रखंड के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मुन्ना कुमार तथा परसा थाना के अवर पुलिस निरीक्षक अभिषेक कुमार दल बल के साथ उपस्थित थें।

## तेज रफ्तार की स्कॉर्पियो सड़क किनारे स्विफ्ट कार में मारी टक्कर, ठेले पर पलटी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के महाराणा प्रताप चौंक पर अनियंत्रित तेज रफ्तार की स्कारपियो ने सड़क किनारे खड़ी स्विफ्ट कार में टक्कर मार थोड़ी ही दूरी पर केला लदे ठेला पर पलट गई। जिसमें स्विफ्ट कार और स्कारपियो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं ठेला चालक घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि स्विफ्ट कार सड़क किनारे खड़ी थी जो राकेश तिवारी की बताई गयी। वहीं सिवान से पटना जा रही तेज रफ्तार की स्कारपियो ने खड़ी कार में टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर थोड़ी ही दूरी पर केला बेचने वाले ठेले के उपर पलट गई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस जांच में जुटी है।



## पैक्स अध्यक्ष संघ के प्रखंड अध्यक्ष बनें तारकेश्वर सिंह

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड पैक्स अध्यक्ष संघ का सर्वसम्मति से चुनाव गगौली पैक्स अध्यक्ष ललन त्रिपाठी के आवास पर आयोजित किया गया। हालांकि प्रखंड के अधिकांश पैक्स अध्यक्षों ने इस चुनाव से दूरी रखी। वहीं चुनाव कर कवलपुरा पैक्स अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह को प्रखंड पैक्स संघ का अध्यक्ष बनाया गया। बैठक मे सुरेंद्र सिंह, कुमार सौरभ, भरत प्रसाद,ललन त्रिपाठी, उपेन्द्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहें।

## मशरक में पूर्व के विवाद में मारपीट में आधा दर्जन घायलो में एक सदर रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सपही गांव में शुक्रवार की सुबह ही पूर्व के विवाद को लेकर जमकर मारपीट में 7 महिला पुरूष घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराए गए। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने प्राथमिक उपचार कर वृद्ध सुशीला देवी को सर पर लगें गहरे जख्म की वजह से सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घटना का विवाद पूर्व से चल रहे कई बार का मारपीट बताया गया। घायलों की पहचान सपही गांव निवासी उमाशंकर सिंह की 72 वर्षीय पत्नी सुशीला देवी,21 वर्षीय पुत्र प्रमोद कुमार , रामाशंकर सिंह की 51 वर्षीय पत्नी रेखा देवी,21 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार ,20 वर्षीय पुत्र प्रमोद कुमार और श्री भगवान सिंह की 51 वर्षीय पत्नी जयमाला देवी,17 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई। मामले में थाना पुलिस जांच में जुटी है। घटना के बारे में बताया गया कि पूर्व के विवाद को लेकर पहले भी मारपीट हुई थी उसी को लेकर मारपीट हो गई जिसमें सभी घायल हो गए। थाना पुलिस से शिकायत दर्ज कराने की बात बताई गयी।

# मकेर मंडल अध्यक्ष बने सुमित कुमार सिंह

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** शुक्रवार को मकेर भाजपा मंडल अध्यक्ष का चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया ।ज्ञात हो कि भाजपा महासंगठन महापर्व को लेकर, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख सहयोगी एवम मकेर मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में चुनाव कार्य किया गया जिसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह द्वारा नामांकन का पर्चा दाखिल किया।जिला से मनोनीत निर्वाची पदाधिकारी अर्जुन सिंह ने एक नामांकन पाकर पुनः सुमित कुमार सिंह को अध्यक्ष पद का ताज पहनाकर बधाई दिया ।उन्हें अध्यक्ष बनाये जाने पर निरंजन शर्मा ,डॉ सुचिन्द्र साह, राहुल कुमार सिंह, मंटु कुमार ,सिद्धार्थ कुमार, वार्ड सदस्य मनीष मालाकार , कुणाल कुमार सिंह,सुबोध कुमार सिंह सन्नी कुमार, पवन कुमार, लक्ष्मण कुमार, अमिताब कुमार, धमेंद्र तिवाड़ी,सहित अन्य लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया एवम उम्मीद जताई कि मकेर भाजपा कार्यकर्ता लोगो की सेवा करने में कोई कोताही नहीं बरतेंगे ।ज्ञात हो कि डॉ ,सुचिन्द्र साह को भाजपा जिला प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।



## नगर पंचायत एकमा बाजार की सामान्य बोर्ड की बैठक आयोजित

### संपर्क सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगाने, नल जल योजना की टेंडरिंग पर हुई विशेष चर्चा

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** नगर पंचायत एकमा बाजार की सामान्य बोर्ड की बैठक मुख्य पार्षद श्वेता रानी की अध्यक्षता में शुक्रवार को नपं कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई।बैठक में मुख्य सड़क से पीसीसी संपर्क सड़क के निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु कमेटी बनाने, नल जल योजना की सुविधा हेतु टेंडरिंग की प्रक्रिया अपनाने व पूर्व की स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा कर क्रियान्वयन की स्वीकृति पर विशेष चर्चा कर उक्त योजनाएं सर्वसम्मति से पारित की गई। जिसके समर्थन में कुल 9 वार्ड पार्षदों की बैठक में उपस्थिति रही।बैठक में मुख्य पार्षद श्वेता रानी, कार्यपालक पदाधिकारी रमण राज, जेई लालू कुमार, चंद्र भूषण कुमार, वार्ड पार्षद नेहा कुमारी, संध्या देवी, आशा देवी, मनीफ सांई, शैलेंद्र प्रसाद, सुनीता देवी, रीना देवी आदि अन्य शामिल थे।वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत सामान्य बोर्ड की बैठक में अनुपस्थित रहने वाले 11 वार्ड पार्षदों ने नगर पंचायत कार्यालय के गेट पर उपस्थित होकर योजनाओं के चयन व स्वीकृति मनमाने ढंग से करने का मुख्य पार्षद पर आरोप लगाते हुए बैठक का विरोध किया। बैठक में अनुपस्थित रहने वालों में मुख्य रूप से जेपी शर्मा, रणजीत कुमार सिंह, सुशीला देवी, सुनीता देवी, किरण देवी, अनीता देवी, अंशु कुमारी, उमरावती, राकेश कुमार, उमेश प्रसाद आदि शामिल थे।

## प्रशासन ने सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया

**छपरा।** सदर अंचलाधिकारी आँचल कुमारी के निर्देश पर शहर के किनारे लोगों द्वारा सड़क के किनारे समान रखकर सड़क को संकीर्ण कर दिया गया था, जिसको जेसीबी से हटाया गया। राजस्व अधिकारी, हल्का कर्मचारी कुंदन सिंह एवम पुलिस बल के साथ माइकिंग कर लोगो को आगाह कर रहे थे ।उक्त अतिक्रमण मुक्त की कारवाई शेरपुर से पकवा इनार तक किया है,आगे भी अभियान चलाया जाएगा।



## मकान निर्माण ठेकेदार और मकान मालिक के बीच मारपीट में 4 घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के मुन्नी मोड़ के पास मकान निर्माण ठेकेदार और मकान मालिक के बीच शुक्रवार को जमकर मारपीट हो गई जिसमें 4 लोग घायल हो गए। मकान मालिक पानापुर के सतजोड़ा गांव निवासी लवलीन सिंह का दो पुत्र 37 वर्षीय पुत्र विनय कुमार सिंह,27 वर्षीय पुत्र विकास कुमार सिंह और मशरक के खैरनपुर गांव निवासी शिवनाथ राम का दो पुत्र 36 वर्षीय मनोहर राम,28 वर्षीय मंतोष कुमार राम हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक थाना चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने प्राथमिक उपचार किया और विकास कुमार सिंह और मंतोष कुमार को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा अपना सामान उठाया जा रहा था कि मकान मालिक के द्वारा कार्य पूरा कर सामान उठाने की बात बताई तो उसी में बकझक होते विवाद हो गई और मारपीट हो गई। वहीं मौके पर प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने समाधान करतें हुए समाधान करा दिया। वहीं बहरौली गांव में रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट हो गई जिसमें स्व छबीला साह का 68 वर्षीय पुत्र सत्यनारायण साह घायल हो गए। उक्त मामले में पुलिस जांच में जुटी है।

## 9 साल पुराने मामले में आरोपियों के घर पहलेजा पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत पहलेजा घाट पुलिस ने 9 वर्ष पुराने मारपीट कर फरार हुए मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में थाना क्षेत्र के गारिबपट्टी स्थित विकास राय, जितेंद्र राय, हरेंद्र राय, नागेंद्र राय, गजाधर राय, गणेश राय और राम राय सहित कुल 10 घरों पर इश्तिहार चस्पा किया गया।पहलेजा घाट थाना के अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने शुक्रवार को बताया कि यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के तहत की गई है। इश्तिहार चस्पाने के बाद नियमानुसार आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि आरोपियों को न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए समय दिया गया है। इसके बाद संबंधित प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों में चर्चाइस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हलचल बढ़ गई है। पुलिस की इस सख्ती को लेकर स्थानीय लोगों के बीच विभिन्न प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून के दायरे में रहते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## रिटायर्ड फौजी बनारसी राय का निधन

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर के रहने वाले भारतीय सेना के सिपाही रहे बनारसी राय का बीते कल देर रात को दिल के दौरा पड़ने से निधन हो गया। ये लगभग 90 वर्ष के थे। लंबे समय से बीमार चल रहे थे बनारसी राय जब भारतीय सेना शामिल थे तब इन्होंने देश के शरहद का हिफाजत करने में अपने जान के परवाह किए बिना कई जंग बहादुरी के साथ लड़े, बाद में सेना से अवकाश प्राप्त होने के बाद गांव में पंचायत में कई सामाजिक काम किया और लोगो के सुख दुख में मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। अपने इलाके के नौजवानों को भी ईमानदारी पूर्वक देश की सेवा करने के लिए हमेशा प्रेरित करते थे। इनके जाने से उस परिवार, गांव और पंचायत के इलाकों में शोक की लहर है।

# प्रशासन ने गांव मे शिविर लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याए

## आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निपटारा प्रशासन की प्राथमिकता- एसडीओ



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** जनसामान्य की समस्याओं के निराकरण के लिए आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत सोनपुर एसडीओ आशीष कुमार के साथ विभागीय अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने उनके द्वार पहुंच रहे है । इसके तहत शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के गंगाजल पंचायत भवन परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया. सोनपुर एसडीओ आशीष कुमार ने शिविर का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया. इस मौके पर बीपीआरओ चंद्रभूषण सिंह,सीओ,सीडीपीओ डॉ श्वेता सिंह, एमओ सौम्या सिंह,मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी नरेश कुमार,आवास पर्यवेक्षक राकेश कुमार, स्वच्छता अधिकारी खुर्शीद आलम सहित अन्य विभागीय अधिकारी,कर्मी मौजूद रहे। जनसमस्या निवारण शिविर में आमजनों ने अधिकारियों को अपनी -अपनी समस्या बताई और आवेदन सौंपे। ग्रामीणों ने उपस्थित सोनपुर एसडीओ को अपने गांव की समस्याओं की जानकारी अवगत कराते हुए कहा कि जन वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्ड के आवेदन दिया गया कई महीने हो गए लेकिन अब तक राशन कार्ड नहीं मिल रहा है,कुछ लोगो ने कहाँ कि राशन कार्ड मे नाम जोड़ने व सुधार करने के लिए ऑनलाइन आवेदन किए हुए 4 माह हो गए लेकिन विभागीय कर्मी नहीं सुन रहे है आये दिन कार्यालय के चक्कर लगाना पड़ता है.नल जल योजना के तहत कुल 13 वार्ड 5 वार्ड में मात्र नल जल योजना का लाभ लाभुकों को मिल रहे है,किसी वार्ड में पाइप टूटी हुई तो किसी के दर्जनों के घर पर पानी नहीं पहुँच रही है इस तरह से आधे दर्जन वार्ड में जलमिनार बन गया लेकिन अब तक नल जल का लाभ लाभूक नहीं उठा रहे हैं.प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब तबके लोग वंचित रहे उन लाभुक को प्रधानमंत्री के अब तक के लाभ नहीं मिला है, ग्रामीणों ने एसडीओ को यह भी जानकारी दिया कि जिले व प्रखंड में सर्वे के काम शुरू हो गई है ऐसे में दाखिल खारिज,जमाबंदी सुधार या भूमि से संबंधित जानकारी अंचल कार्यालय के कर्मियों द्वारा नहीं दी जाती है जिसके कारण अंचल कार्यालय में आए दिन चक्कर लगाते हुए भु स्वामी परेशान हो रहे हैं उससे निजात दिलाने के लिए राजस्व कर्मियों को पंचायत मे बैठने और भूमि से संबंधित समस्याओं का निदान करने की माँग की, ग्रामीण क्षेत्र के सड़क मार्ग पर दवंग लोग जबरन अतिक्रमण किए हुए हैं जिससे लोगों को आवा गमन में परेशानी होती है साथ ही सड़क मार्ग पर पानी का बहाव करते है उसे निजाद दिलाने की भी बात कही.विगत महीनो आई बाढ़ से लोगों को फसल व घर के समान क्षति हुई लेकिन उसकी क्षतिपूर्ति की मुआवजा राशि अब तक नहीं मिली है उसे दिलाने की भी माँग किया.ग्रामीणों ने एसडीओ के यह भी जानकारी दिया कि जेपी सेतु सड़क मार्ग के पश्चिम साइड से सिक्स लाइन के सड़क मार्ग निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण विभागीय द्वारा कराया जा रहा है जबकि अब तक उस भूमि के नियमा नुकूल पैसा का अबतक भुकतान नहीं किया गया और जबरन भूमि पर कार्य कराया जा रहा है. ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपस्थित अधिकारियों को अवगत करते हुए उसे निदान करने की माँग की। ग्रामीण जनों की समस्याओं को सुनकर व लिखित समस्या को सोनपुर एसडीओ ने ग्रामीणजनों को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा दिए गए समस्याओं को विभागीय अधिकारियो व कर्मियों के द्वारा उनकी समस्याओं का निराकरण समय पर किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों व कर्मियों को हिदायत देते हुए कहा कि जन समस्याओं का शीघ्र समाधान करें इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.इस मौके पर पंचायत के मुखिया रामाशंकर प्रसाद, पंचायत सचिव श्याम कुमार तिवारी,कृषि विभाग के नूतन निवेदिता, रजनीश कुमार,नीरज कुमार, राजस्व कर्मी अभिषेक आनंद,अजय कुमार, समिति प्रतिनिधि अशोक शर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# पीएम आवास योजना में जारी है अवैध वसूली, कहीं लाभुक तो कहीं मुखिया परेशान

## बलिया के मुखिया ने डीएम से लगायी गुहार

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में इन दिनों पीएम आवास योजना में अवैध वसुली का खेल बेलगाम हो चुका है शिकायतों पर दिखावे के लिए कार्रवाई तो होती है लेकिन चेहरे बदल जाते हैं और वसुली जारी रहती है।आमतौर पर इस योजना में अवैध वसुली को लेकर मुखिया पर आरोप लगते आए हैं पर यहां मामला कुछ उल्टा है। बलिया पंचायत के मुखिया अशोक मांझी ने आवास योजना के अंतर्गत आवास सहायक व कुछेक दबंगों की मिलीभगत से अपात्र लोगों को पक्का घर मुहैया कराने व तीस हजार रूपये तक की अवैध वसुली करने को लेकर डीएम सारण समेत बीडीओ एकमा से जांच कराने की मांग की है,दिए गए आवेदन में मुखिया ने कहा है कि लाभुकों से नाजायज रकम की वसुली का बिरोध करने पर आवास सहायक तथा पंचायत के दो दबंगों द्वारा जातिसूचक गाली-गलौज कर मारपीट की धमकी दी जाती है तो वहीं पैसे नहीं देने पर गरीब लाभुकों जिनके लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है को आवास योजना से बंचित करने की धमकी दी जाती है।मुखिया ने रसूलपुर थाने में भी आवास सहायक अक्षय कुमार समेत पंचायत के वार्ड 04 के सदस्य विद्याभूषण दुबे उर्फ टेंगर दुबे व वार्ड 08 के सदस्य राकेश पांडेय को आरोपित करते हुए मामला दर्ज कराया है।इस संबंध में आवास सहायक अक्षय कुमार ने सभी आरोपों को निराधार बयाया है।

# जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण खेल मैदानों के निर्माण में बाधा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** बिहार सरकार की मनरेगा योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में बनाये जाने वाले खेल मैदानों के निर्माण में जमीन नहीं उपलब्ध होने के कारण बाधा पहुंच रही है। मशरक प्रखंड के नवादा,बंगरा, डुमरसन और खजुरी में भूमी उपलब्ध नहीं हो पाने से काम शुरू नहीं हो पाया है। वहीं अरना , चांद कुदरिया, कर्ण कुदरिया, बहरौली, दुरगौली, गंगौली, जजौली, सनौली, मदारपुर, कवलपुरा और सेमरी पंचायतों में खेल मैदान बनाने का काम आरंभ करा दिया गया है। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के विकास को लेकर सरकार स्तर से मनरेगा योजना के तहत खेल मैदानों का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन, खेल मैदानों के निमार्ण में जमीन की बाधा कई जगहों पर आड़े आ रही है। कई पंचायतों में सरकारी विद्यालयों में भी पर्याप्त जमीन उपलब्ध नहीं है। उदाहरण के लिए नवादा,बंगरा और खजुरी पंचायत में किसी भी सरकारी विद्यालयों या अन्य जगह के परिसर में विभागीय मानक के अनुरूप खेल निर्माण कराने के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है। वहीं इन पंचायतों में यदि सरकारी जमीन हैं तों उस पर दबंगों का कब्जा हैं। मामले में कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा संजय साव ने बताया कि सीओ मशरक को इन पंचायतों में जमीन उपलब्ध कराने को लिखा गया है जमीन की उपलब्धता होते ही कार्य शुरू कराया जाएगा।

# सोनपुर रेल मंडल कार्यालय मे प्रवेश करने से पूर्व अपना परिचय अंकित करने होंगे रजिस्टर पंजी पर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर रेल मंडल कार्यालय मे प्रवेश करने से पहले मुख्य द्वार पर अपना परिचय व कार्य के जनकारी देने के लिए रजिस्टर पंजी मे अंकित करना होगा.उक्त बात के जनकारी देते हुए विभाग के सुबोध कुमार ने बताया कि विगत दिनों फर्जी पहचान पत्र कांड के आलोक में बचाव एवं सुरक्षा हेतु मंडल कार्यालय के मुख्य द्वार पर एक रजिस्टर खोला गया है।जिसमें परिसर में आने वाले आगंतुकों का नाम,पता एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दर्ज के जा रही है। विदित हो कि वाणिज्य विभाग के कर्मचारी द्वारा पकड़े गये तीनों फर्जी पहचान पत्र धारक की जांच वर्तमान में प्रक्रियाधीन है।उक्त घटना में किसी भी वाणिज्य कर्मचारी एवं अधिकारी की संलिप्तता की पुष्टि नहीं हुई है। रेलवे द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि रेलवे में किसी भी प्रकार की भर्ती प्रक्रिया आरआरबी एवं आरआरसी द्वारा किया जाता है।

## दरियापुर में श्रमिकों के निबंधन हेतु मेगा शिविर आयोजित



प्रखंड सभागार दरियापुर में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी दरियापुर द्वारा निर्माण श्रमिकों के निबंधन हेतु मेगा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 514 श्रमिकों (338 पुरुष और 176 महिला) का ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किया गया द्य कार्यक्रम में भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, पूर्व जदयू महासचिव डॉक्टर अर्जुन सिंह, विभिन्न पंचायत के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रखंड के डाटा इंट्री ऑपरेटर शशिकांत कुमार, मुन्ना कुमार, शिवशंकर कुमार, आशुतोष कुमार एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी परसा अशोक कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी दरियापुर राजेश कुमार समेट अन्य भी उपस्थित थे द्य शिविर का आयोजन शांति पूर्ण सम्पन्न हुआ ।

# सोनपुर प्रखंड के 7 पंचायत में बनेगे खेल मैदान, निर्माण शुभारंभ

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा योजना से महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत सोनपुर प्रखंड के 7 पंचायत में खेल मैदान का निर्माण कराया जाएगा.जिले में 180 ग्राम पंचायत के तहत 207 स्थलों पर खेल मैदान का निर्माण का कार्य होगा जिसमें 18 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से खेल मैदान का निर्माण कार्य होगा.उक्त बात की जानकारी देते हुए प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी चंद्रभूषण सिंह ने बताया कि सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के जहांगीरपुर,भरपुरा, दुधइला, नयागांव, डुमरी बुजुर्ग,सबलपुर पश्चिमी, सबलपुर मध्यवर्ती पंचायत में कुल 7पंचायत मे खेल मैदान के लिए जगह चयन किया गया है.इसी क्रम में जहांगीरपुर पंचायत के अंतर्गत नेहालनाथ मंदिर के समीप प्राथमिक विद्यालय के कैंपस में महात्मा गांधी नरेगा खेल मैदान कार्य का शुभारंभ मुख्य अतिथि सोनपुर विधायक डॉ.रामानुज प्रसाद ने करते हुए कहा कि खेल मैदान का निर्माण हो जाने से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और उत्साहवर्धन भी होगा। साथ ही युवाओं के बीच खेल प्रतियोगिताओं और प्रतिस्पर्धाओं के अवसर उपलब्ध होंगे। खेल शिव मनोरंजन का ही साधन नहीं बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है.खेल मैदान के निर्माण के क्रम में ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगें। खेल मैदान के शुभारंभ कार्यक्रम में मुखिया श्रीमती गायत्री देवी, मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह,उप मुखिया प्रतिनिधि, समिति, वार्ड सदस्य,कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, विनोद ठाकुर,नरेश कुमार सहित ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# देसी शराब के साथ एक ऑटो जब्त

**दैनिक खोज खबर/ दाउदपुर (मांझी)।** दाउदपुर थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान थाना क्षेत्र के सोनिया गांव के समीप भारी मात्रा में देसी शराब के साथ एक ऑटो को जब्त कर लिया। वहीं साथ में धंधे में संलिप्त दो तस्करों को पुलिस ने दबोच लिया। गिरफ्तार तस्कर नगर थाना क्षेत्र के साढ़ा ढाला छपरा निवासी राहुल कुमार चौधरी एवं नगर थाना क्षेत्र के ही करीम चौक निवासी मोहम्मद सोनवाल बताया जाता है। थानाध्यक्ष नवलेश ने बताया कि शुक्रवार को दाउदपुर थाना पुलिस छपरा-सीवान मुख्य मार्ग के एनएच 531 के सोनिया गांव के समीप वाहन जांच कर रही थी इसी बीच छपरा की ओर से एक ऑटो आते हुए दिखाई पड़ी। पुलिस ने जब ऑटो चालक को रुकने का इशारा किया तो चालक ऑटो लेकर भागने लगा तभी ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल के जवानों तुरंत पीछा कर पकड़ लिया। जब वाहन की गहनता से तलाशी ली गई तो देखा गया कि ऑटो में बड़ी बारीकी से एक तहखाना बनाया गया है जिसमें प्लास्टिक की बोरी में 26 पैकेट देसी शराब छिपाकर रखा गया है। जिसकी कुल मात्रा 260 लीटर है। उसके बाद पुलिस ने ऑटो को अपने कब्जे में ले लिया। वही पुलिस दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर आवश्यक पूछताछ कर रही है।

# मिक्सर मशीन पलटने एक मजदूर की मौत,कोहराम

**सिवान।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के टारी-नेवारी मुख्य मार्ग पर नेवारी मोड़ के समीप शुक्रवार को एक मिक्सर मशीन पलट गई और उससे दबकर एक मजदूर की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मृतक की पहचान गभीरार निवासी वैद्यनाथ राम (45) के रूप में हुई ,जबकि घायलों में धर्मेंद्र राम एवं छोटेलाल राम शामिल हैं।बताया जाता है कि ट्रैक्टर मिक्सर मशीन लेकर नेवारी से टारी की ओर जा रहा था। मिक्सर मशीन पर करीब आठ-नौ मजदूर सवार थे। इस दौरान ट्रैक्टर तेज गति में होने के कारण मिक्सर मशीन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई और मिक्सर मशीन से दबने से एक मजदूर की मौत हो गई जबकि दो मजदूर घायल हो गए। वहीं अन्य मजदूर बाल-बाल बच गए। वहीं घटना के बाद ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी होते ही काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को उपचार के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया कि मृतक की पहचान गभीरार निवासी वैद्यनाथ राम के रूप में तथा घायलों की पहचान धर्मेंद्र राम एवं छोटेलाल राम के रूप में की गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं मिक्सर मशीन व ट्रैक्टर पुलिस की निगरानी में है।

# सम्मान समारोह सह सामूहिक परिचर्चा 22 को

**जीरादेई (सिवान) :** गणतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा.राजेंद्र प्रसाद के पैतृक आवास के सामने भारत गौरव देशरत्न राजेंद्र मेमोरियल फाउंडेशन के सौजन्य से 22 दिसम्बर को विशाल सम्मान समारोह सह सामूहिक परिचर्चा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय बोध गया के कुलपति शशि प्रताप शाही, न्यायाधीशगण, शिक्षा, न्यायिक व अन्य क्षेत्रों के अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वाह्न 11 बजे से होगा। इस मौके पर न्यायिक क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने वाले अधिवक्ता, शिक्षा के क्षेत्र से प्रतिभाशाली छात्रों, खिलाड़ियों, इन प्रतिभाओं को निखारने वाले अभिभावकों व शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक ई.प्रमोद कुमार मल्ल ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डा.राजेंद्र प्रसाद के असाधारण व अद्वितीय प्रतिभा से प्रेरणा लेकर समाज में उत्कृष्ट कार्यों को संपादित करने के संबंध में प्रोत्साहित करना है और खास कर वैसे प्रतिभाशाली छात्रों तथा उनके शिक्षण प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाने वाले अभिभावकों, शिक्षकों को सम्मानित कर उनके मनोबल को बढ़ाने का सकारात्मक प्रयास करना है।

# आपरेशन अमानत के तहत महिला यात्री का बैग बरामद

**सिवान :** आपरेशन अमानत के तहत एक महिला यात्री का बैग आरपीएफ ने बरामद कर यात्री को सुपुर्द कर दिया। आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष वाराणसी से सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 15028 में यात्रा कर रही एक महिला का पर्स ट्रेन पर चढ़ते समय सिवान जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बेंच पर छूट गया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बरामद किया गया। इसके बाद उक्त यात्री के मोबाइल नंबर पर वीडियो काल करके बरामद पर्स की पहचान कराई गई। जिन्हें अपने बैग को प्राप्त करने के लिए उचित पहचान पत्र के साथ रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर आने की बात बताई गई। महिला यात्री प्रतिमा देवी के बरामद बैग को उनके सहमति से उनके पुत्र को बैग में रखे समान एक मोबाइल, मोबाइल चार्जर, कास्मेटिक आइटम, दवा, नकद तीन हजार रुपया सहित उनको सुपुर्द किया गया।






# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

## लोन देने में इंडियन बैंक एवं पीएनबी सबसे फिसड्डी, जिलाधिकारी ने व्यक्त की गहरी नाराजगी

### सभी बैंक रोजगारपरक योजनाओं में ऋण देने में बरतें उदारता- डीएम

### जिले का सीडी रेशियो 50 प्रतिशत पहुंचाने के लक्ष्य के साथ करें कार्रवाई



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में आज सभी बैंकर्स के साथ जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आहुत की गई। बैंकों के सकल साख जमा अनुपात (सीडी रेशियो) के संबंध में बताया गया कि सितंबर त्रैमास में जिले के सभी बैंकों का समेकित सीडी रेशियो 4453 प्रतिशत था। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कुछ बैंकों, विशेष रूप से इंडियन बैंक,पीएनबी आदि द्वारा साख सृजन में काफी खराब प्रदर्शन किया गया है। सितंबर त्रैमास में इंडियन बैंक का सीडी रेशियो 1465 तथा एनुअल क्रेडिट प्लान के लक्ष्य का मात्र 303 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई। पीएनबी का सीडी रेशियो 24.11 प्रतिशत तथा एनुअल क्रेडिट प्लान के लक्ष्य का मात्र 252 प्रतिशत उपलब्धि रही। जिलाधिकारी ने इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने सभी बैंकों को 50 प्रतिशत के सीडी रेशियो के लक्ष्य के साथ कार्य करने को कहा। विभिन्न स्वरोजगार परक योजनाओं-पीएमईजीपी, पीएम एफ एम ई आदि के तहत प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति एवं ऋण अदायगी में उदारता बरतने को कहा।पीएमईजीपी के तहत 496 के लक्ष्य के विरुद्ध 956 आवेदन बैंकों को भेजा गया है। बैंकों के पास अद्यतन 256 आवेदन लंबित हैं जिनका शीघ्र निष्पादन करने को कहा गया। पीएम एफ एम ई के तहत 340 के लक्ष्य के विरूद्ध 336 आवेदन बैंकों को भेजे गए हैं।इनमें से 65 आवेदन स्वीकृत किये गये हैं।बैठक में वरीय उपसमाहर्त्ता बैंकिंग, जिला अग्रणी प्रबंधक, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जैक बैडमिंटन प्रीमियर लीग के चौथे संस्करण का हुआ आयोजन

**सिवान।** सिसवन ढाला के समीप हसनपुरा बस स्टैंड के मैदान में गुरुवार की रात जैक बैडमिंटन प्रीमियर लीग के चौथे संस्करण का आयोजन हुआ। जैक बैडमिंटन प्रीमियर लीग अंतर जिला टूर्नामेंट के डबल मुकाबले में दूसरे दिन कुल 22 मैच खेले गए। नौ मैच वेटरन के साथ और अंडर 16 के छह मैच खेले गए। दूसरे दिन का पहला मैच गोपालगंज के सदाब व अमन और छपरा के उत्तम और पवन के बीच खेला गया। जहां गोपालगंज के चितरंजन और सुमन ने महाराजगंज के रौनक और विनीत को हराया जबकि तीसरे मैच में छपरा के उत्तम और पवन ने सिवान के सिबान और जीशान को हराया। चौथे मैच में सिवान के आसिफ और दिलवाज ने महाराजगंज के रौनक और विनीत को हराया। वेटरन के पहले मैच में मीरगंज के रिंकू और शिवम ने सिवान के शमशीर और शाहिद इकबाल को हराया। वेटरन के दूसरे मैच में गोपालगंज के डा.आशीष कुमार तरुण ने मीरगंज के डा.कमल और शाही को हराया। वेटरन के तीसरे मैच में गोपालगंज के चितरंजन और सुमन का नाम सिवान के सत्य और शशि भूषण को हराया। दिग्गजों के चौथे मैच में मीरगंज के डाक्टर फिरोज और सरोज ने मीरगंज के डाक्टर कमाल और साही को हराया। जैक बैडमिंटन प्रीमियर लीग के चेयरमैन डा.एहतेशाम अहमद ने कहा कि खेल का आयोजन एक स्वस्थ समाज का संकेत है। सिवान के युवा खिलाड़ियों को आगे लाने में ये आयोजन शानदार काम कर रहा है।

## ट्रेन से शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** आरपीएफ ने ट्रेनों की चेकिंग व निगरानी के दौरान गाड़ी संख्या 15652 से शराब को बरामद कर दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आरपीएफ उप निरीक्षक संजय कुमार पांडेय ने बताया कि निगरानी और चेकिंग के दौरान जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या दो पर गाड़ी संख्या 15652 के पहुंचने पर यात्रियों की शिकायत पर दो व्यक्ति को पकड़ कर उनकी तलाशी लेने पर एक पिठू बैग में नौ बोतल शराब बरामद की गई इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। आगे की कार्रवाई हेतु शराब व दोनों तस्करों को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया। गिरफ्तारी में समस्तीपुर के ताजपुर थाना क्षेत्र के बस्सी भिंडी निवासी सरोज कुमार पासवान व राज यादव शामिल है।

## लोजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में संगठन का हुआ विस्तार

**गुठनी (सिवान) :** प्रखंड के जतौर स्थित बिहारी बाबू के आवास पर शुक्रवार को लोजपा संसदीय बोर्ड की बैठक प्रदेश महासचिव पूर्णनेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर पार्टी का विस्तार किया गया। इस दौरान राजबलि मांझी को प्रदेश सचिव और अवध बिहारी सिंह को जिला के संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर छपरा जिलाध्यक्ष रोशन सिंह, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष वेदप्रकाश, सिवान व्यवसायी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता, मैरवा अध्यक्ष मनोज सिंह, सुजीत सिंह, प्रभुनाथ तिवारी, गणेश पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## घर पर पुलिस ने चस्पाया इश्तेहार

**सिवान।** जीबी नगर थाना की पुलिस ने तीन फरार अभियुक्तों के घर पर इश्तेहार चस्पाया। इस मामले में जीबी नगर थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि जीबी नगर थाना के उत्पाद अधिनियम के फरार अभियुक्त थाना क्षेत्र के माधोपुर निवासी छोटेलाल राम एवं कांड संख्या -241/24 (एससी/एसटी) के फरार अभियुक्त थाना क्षेत्र के सतवार श्रीनगर निवासी विशंकर प्रसाद एवं दीनानाथ प्रसाद के घर विधिवत इश्तेहार का तामिला किया गया।

## आपसी विवाद में मारपीट, एक घायल

**सिवान :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टड़वा में शुक्रवार को दो भाइयों में आपसी विवाद में मारपीट हो गई। इा घटना में छोटे भाई ने बड़े भाई को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल की पहचान पवन कुमार के रूप में हुई है। स्वजनों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में घायल पवन कुमार यादव ने बताया कि घर के पास ही सरकारी नाला का निर्माण कार्य हो रहा था। जब मां ने नाला बनाने का विरोध किया तो मैंने मां के ऊपर अपशब्दों का प्रयोग किया। इसके बाद छोटे भाई ने फाइटर से हमला कर दिया।

## कटर की चपेट में आने से मजदूर घायल

**सिवान:** दरौली थाना क्षेत्र के दरौली बाजार में गुरुवार को लकड़ी का कार्य कर रहा मजदूर कटर की चपेट में आने से घायल हो गया। घायल मजदूर की पहचान थाना क्षेत्र के निपटी निवासी शंकर शर्मा के रूप में हुई। घायल ने बताया कि मैं कटर से लकड़ी काट रहा था तभी मेरा कपड़ा उसमें फंस गया। मैं कुछ समझ पाता तब तक मेरा बांह कट गया और मैं खून से लथपत हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने मुझे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किराया जहां इलाज चल रहा है।

## पांच हजार बच्चों का बना अपार आइडी

**महाराजगंज (सिवान) :** महाराजगंज प्रखंड एवं नगर पंचायत के विभिन्न प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालय में अभी तक पांच हजार बच्चों का अपार आइडी बनाया गया है। इस संबंध में बीईओ राजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि कुल 24 हजार बच्चों का अपार कार्ड बनाया जाना है। इसमें अभी तक 5000 बच्चों का कार्ड बन गया है। बीईओ ने कहा कि सभी प्रधानाध्यापकों को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि यदि अपार कार्ड बनाने में कोई कोताही बरती गई तो संबंधित प्रधानाध्यापक के विरुद्ध तुरंत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इसके लिए बीआरपी, बीपीएम द्वारा जांच की जा रही है। इनके द्वारा सभी प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया है।

## बैठक में जनसुराज पार्टी के विस्तार पर चर्चा

**सिवान।** जीरादेई प्रखंड मुख्यालय स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में शुक्रवार को जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में हर घर जनसुराज पार्टी के विस्तार करने एवं संगठन को मजबूत बनाने को ले चर्चा की गई।

## जनरल स्टोर दुकान से चार लाख से अधिक की चोरी

**सिवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव स्थित एनएच 331 के किनारे अवस्थित जनरल स्टोर के थोक विक्रेता की दुकान में गुरुवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने पीछे का दरवाजा तोड़कर दुकान में रखे चार लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी कर ली। इस घटना के बाद दुकानदारों में हड़कंप है। दुकान सारण के सहाजितपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा निवासी अजीम मियां की बताई जाती है। दुकान मालिक ने बताया कि चोरों द्वारा दुकान में लगाए गए सीसी कैमरा का तार काट दुकान के बिल्डिंग के पीछे भाग से दरवाजा तोड़ रिफाइन, चीनी, सर्फ, साबुन, तेल, चोकर, पशु आहार सहित अन्य सामग्री समेत करीब चार लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना थाना को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की।

## फरार आरोपितों के घर पुलिस ने चस्पाया इश्तेहार

**सिवान।** सिवान न्यायालय निर्गत आदेश पर चैनपुर थाना में दर्ज एक मामले में काफी दिनों से फरार चल रहे अभियुक्तों के घर पर पुलिस ने शुक्रवार को इश्तेहार चस्पाया। डीएसपी सह थानाध्यक्ष निशांत गौरव ने बताया कि थाना क्षेत्र के विरती गांव निवासी अभियुक्त सन्नी प्रकाश महतो, अमरनाथ यादव, निर्मला कुमारी एवं चंदा कुमारी के घर पर शुक्रवार को इश्तेहार चस्पाया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से ही सभी आरोपित फरार चल रहे हैं। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है, लेकिन वे सभी पुलिस पकड़ में नहीं आ रहा है। न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार को आरोपित के घर पर चिपकाया गया।

# फायरिंग कर घर से दो सगे भाइयों को उठाने का आरोप



**परवेज अख्तर/सीवान।** सिवान नगर थाना क्षेत्र के शेख मोहल्ला में गुरुवार की देर रात पुलिस पर हवाई फायरिंग कर दो सगे भाइयों को उठाने का आरोप स्वजनों ने लगाया है। शुक्रवार की सुबह दोनों भाइयों की स्वजन काफी खोजबीन किए, लेकिन उनका कहीं भी पता नहीं चला सका। थक हारकर स्वजन व काफी संख्या में मोहल्लावासी शुक्रवार की शाम समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी से मिलकर अपनी बात को रखना चाहा, लेकिन उनकी मुलाकात एसपी से नहीं हो सकी। वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें थाना जाने की सलाह दी। मिली जानकारी अनुसार दोनो युवक सगे भाई सैफ अली अख्तर और इमरान बताए जाते हैं। हालांकि इस मामले में स्वजन किसी से कुछ बताने से इंकार कर दिया। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी अनुसार गुरुवार की मध्य रात्रि तकरीबन 12 बजे अचानक दरवाजा खोलने के लिए कुछ लोग कहने लगें। जब घर के सदस्यों ने पूछा कि आपलोग कौन हैं। उसके बाद गाली गलौज करते हुए वे लोग दरवाजा पीटने लगे। स्वजनों ने जब दरवाजा खोला तो कुछ लोग घर के अंदर प्रवेश करते ही बड़े पुत्र को ढूंढने लगे। स्वजनों ने कहा कि वे कुछ दिनों से बाहर हैं। इसके बाद वे लोग ऊपरी मंजिल पर गए और खिड़की तोड़ डाली। वही जाते समय दोनों भाइयों को उठाकर लेकर अपने साथ चले गए।

## महिला को पिस्टल दिखा बदमाशों ने छीने आभूषण व नकदी

**सिवान।** मैरवा प्रखंड कार्यालय के सामने शुक्रवार को बाइक सवार बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर एक महिला से आभूषण और नकदी छीन ली। नकाबपोश दो बाइक सवार बदमाशों ने दो महिला के साथ मिलकर इस घटना का अंजाम दी है। पीड़ित महिला बाजार से वापस अपने गांव जाने के लिए आटो की प्रतीक्षा में प्रखंड कार्यालय की मुख्य गेट के पास बैठी थी। बताते हैं कि मैरवा थाना क्षेत्र के बरासो निवासी हरेंद्र सिंह की पत्नी समुद्र देवी मैरवा बाजार गई थीं। सामान खरीदकर उन्होंने डाकघर से चार हजार रुपये की निकासी की। इसके बाद वह घर जाने के लिए प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट के पास आटो की प्रतीक्षा करने लगी थी। तभी उनके पास दो अपरिचित महिलाएं आकर बैठ गईं। कुछ देर बाद कार्यालय परिसर से मुंह बांधे दो बाइक पर सवार बदमाश वहां पहुंचे। एक ने समुद्र देवी पर पिस्टल सटा दिया। वहां पहले से मौजूद दोनों महिलाओं ने उनका हाथ पकड़ लिया और उनके कान का सोने का टाप्स तथा गले से मंगलसूत्र तथा पास में रखे चार हजार रुपये छीन लिए। इसके बाद दोनों बाइक सवार अपनी महिला साथी को बाइक पर बैठाकर फरार हो गए। घटना के बाद वहां भीड़ एकत्रित हो गई। किसी ने फोन कर इसकी सूचना समुद्र देवी के घर वालों को दी। जानकारी मिलने पर समुद्र देवी की पुत्री और घर के अन्य स्वजन वहां पहुंचे। इस घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## दुकानदारों के बीच मारपीट, एक घायल

**सिवान:** जीबी नगर थाना क्षेत्र के भेलपुर चांडी में गुरुवार की देर शाम दो दुकानदारों के बीच नल जल के पानी को लेकर हुए विवाद ने मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान उक्त गांव निवासी राजू कुमार शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। स्वजनों ने बताया कि राजू कुमार शर्मा का भेलपुर चांडी में लकड़ी का दुकान है, जबकि दूसरे पक्ष का भी उसी क्षेत्र में दुकान है। विवाद की शुरुआत दुकान के सामने गिरते नल जल के पानी से हुई। बताया जा रहा है कि पानी गिरने की वजह से दो लोग फिसलकर घायल हो गए थे। इसके बाद दोनों दुकानदारों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो मारपीट में बदल गई। जीबी नगर थानाध्यक्ष रितेश मंडल ने कहा कि अभी तक इस मामले में दोनों पक्षों में से किसी ने भी आवेदन या सूचना नहीं दी है।

## सड़क पर बह रहा नाला का पानी, लोग परेशान

**सिवान।** शहर के मखदूम सराय में नाला जाम रहने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। लोगों को उसी गंदे पानी से होकर आना-जाना पड़ रहा है। अभी यह स्थिति है तो वर्षा के दिनों में हालात क्या होंगे, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। सड़क की स्थिति नारकीय बनी हुई है। बिना वर्षा के जलजमाव से मोहल्लावासी परेशान हैं। मोहल्ला के लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। कई बार मोहल्ला के लोगों ने निजी सहयोग से नाले की सफाई कराई है, लेकिन अभी नाला जाम रहने के कारण पानी का बहाव अवरोध होने से गंदा पानी सड़क पर जमा रहता है। लोगों ने जिला प्रशासन से नालियों की नियमित सफाई कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सड़क पर जलजमाव बीमारियों का आमंत्रण दे रहा है।

## आरा मशीन में मजदूर का कटा हाथ,रेफर

**सिवान।** दरौली प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को आरा मशीन पर काम कर रहे एक मजदूर का हाथ कट गया। उसे इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की पहचान दरौली थाना क्षेत्र के मेलहनी निवासी शंकर शर्मा के रूप में हुई है। स्वजनों का कहना था कि शंकर शर्मा दरौली प्रखंड मुख्यालय स्थित एक आरा मशीन में मजदूरी करते हैं। शुक्रवार की सुबह घर से काम पर जाने की बात कह कर निकले थे। काम के दौरान मशीन की चपेट में आने से उनका हाथ कट गया। उनके घायल होने से स्वजन काफी चिंतित हैं।

## युवक की शव बरामदगी मामले में आरोपित को भेजा गया जेल

**सिवान।** असांव थाना के पचबेनिया स्थित सरयू नदी किनारे स्थित एक गड्ढे से 18 दिसंबर को ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने एक युवक का शव बरामद की थी। मृतक युवक की पहचान पचबेनिया निवासी जनार्दन पटेल के पुत्र मनु पटेल के रूप में हुई थी। इस मामले में पुलिस ने गांव के ही स्वामीनाथ मांझी को गिरफ्तार कर कार्रवाई के बाद शुक्रवार को जेल भेज दिया।थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पचबेनिया निवासी स्वामीनाथ मांझी ने स्वीकार किया है कि वह तीन दिसंबर को मनु पटेल के साथ गांव में नदी किनारे ट्रैक्टर से खेत की जोताई कर रहा था। इस दौरान मनु पटेल ट्रैक्टर से गिर गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस के डर से मनु पटेल को गड्ढे में दफना दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि स्वामीनाथ मांझी को शव को गड्ढे में छिपाने के मामले में जेल भेज दिया गया है।

## दक्ष बीएससी नर्सिंग कालेज में स्क्रिबलिंग कार्यक्रम का आयोजन

**सिवान :** जिले के दरौदा प्रखंड के धनौती स्थित दक्ष बीएससी नर्सिंग कालेज में शुक्रवार को छात्रों के विदाई समारोह के पूर्व संध्या पर स्क्रिबलिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने एक- दूसरे के स्कूल ड्रेस पर अपना हस्ताक्षर किया और रोचक संदेश भी लिखें। सभी छात्रों ने स्कूल ड्रेस को याद के तौर पर रख लिया है। नर्सिंग कालेज में एक- दूसरे के साथ बिताए गए पलों को भी याद किया गया। निदेशक डा. जीतेश कुमार सिंह ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्र जीवन सबसे महत्वपूर्ण समय होता है, आपकी मेहनत कभी बेकार नहीं जाएगी। आने वाले समय में आपका भविष्य उज्ज्वल है, क्योंकि आप सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में अपनी सेवा देकर मरीजों को जान बचाने के काम करेंगे। इस मौके पर नीरज सिंह, धनंजय कुमार, राहुल शर्मा, आकाश राय, पूजा कुशवाहा, रूपम कुमारी, प्रतिभा सिंह, चंचल कुमारी, मनीषा कुमारी, संध्या कुमारी, नेहा कुमारी, गुड़िया कुमारी, जनार्दन शर्मा, मितुन यादव, त्रिभुवन कुमार, भानु प्रताप सिंह, संजना कुमारी, प्रियंका सिंह, प्रियंका शर्मा आदि उपस्थित थे।

## प्रमुख ने मारपीट को लेकर कराई प्राथमिकी, 11 आरोपित

**सिवान।** बसंतपुर प्रखंड प्रमुख अशोक राय ने गुरुवार को थाना में आवेदन देकर बभनौली निवासी राशिद अंसारी सहित 11 लोगों पर जानलेवा हमले करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि बुधवार की देर शाम बीडीओ के आवास से घर मुड़वार लौटने के क्रम में गांव में चार-पांच बाइक सवारों ने मुझे घेरकर मेरे साथ मारपीट की। इस दौरान राशिद अंसारी को ही वह पहचान सके। राशिद के अलावा बभनौली गांव के ही 10 अज्ञात लोगों ने मारपीट करते हुए रुपये और गहने छीन लिए और देशी कट्टा से हवाई फायरिंग भी की। प्रमुख ने आवेदन में राशिद अंसारी पर जानलेवा हमला कराने व भविष्य में भी हमला कराते हुए जान से मारने की आशंका जाहिर की है। पुलिस प्राथमिकी कर मामले की छानबीन में जुटी है।

## पौधा संरक्षण रबी किसान पाठशाला में किसानों को दी गई कृषि योजनाओं की जानकारी

**बड़हरिया (सिवान) :** प्रखंड के हरदोबारा में शुक्रवार को प्रशिक्षक सह सहायक तकनीकी प्रबंधक सतीश सिंह, कृषि समन्वयक ब्रजेश कुमार पाठक और दिलीप कुमार प्रसाद की देखरेख में पौधा संरक्षण सह रबी किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। पाठशाला के प्रथम सत्र में किसानों को कृषि संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कृषि समन्वयक ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभुक किसानों को अपना ईकेवाईसी, एनपीसीआइ कराने की जानकारी दी। सहायक तकनीकी प्रबंधक सतीश सिंह ने किसानों के बेंच मार्क सर्वे का पंजीकरण किया तथा आइपीएम के बारे में जानकारी दी। कृषकों का प्री बैलेट बाक्स टेस्ट द्वारा मूल्यांकन किया गया। साथ में 25 किसानों को पांच समूह में बांटकर प्रत्येक समूह के लिए पांच किसान में से एक लीडर का चयन कर समूह का नाम रखा गया। उसके बाद खेत की तैयारी, खाद, बीज की मात्रा, बीज उपचार की विधि, दवा और कितना मात्रा प्रयोग करना है विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ में किसानों को जीरो टिलेज मशीन से गेहूं की बोआई के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

